भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1601**

16 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

**सहकारिता के लिए खुले डिजीटल नेटवर्क का आरंभ**

1601. श्री डेरेक ओ' ब्रायन:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय सहकारिताओं के लिए एक डिजीटल प्लेटफॉर्म खोल रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) मंच के तहत सभी सहकारी समितियों को पंजीकृत कराने की प्रक्रिया क्या होगी, उनका ब्यौरा क्या है; एवं

(ग) सभी योजनाओं पर नज़र रखने के अलावा मंच का क्या उद्देश्य होगा, उसका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): सहकारिता मंत्रालय ने एक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस बनाने की प्रक्रिया शुरू की है।

(ख): मंत्रालय ने डेटाबेस में शामिल करने के लिए विभिन्न मापदंडों, कार्यविधियों और प्रक्रिया को अंतिम रूप देने पर हितधारकों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है।

(ग): प्रस्तावित राष्ट्रीय डेटाबेस सहकारी क्षेत्र के लिए केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, सहकारी संघों, सहकारिता और नाबार्ड जैसे संस्थानों आदि के लिए मुख्य योजना उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है।

*****